Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to take remedial measures to prevent land erosion caused by Sone River in Bihar-laid.

श्री छेदी पासवान (सासाराम):बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत तिलौथू प्रखण्ड में सोन नदी पर अवस्थित इन्द्रपुरी बराज दुनियां का चौथा सबसे लम्बा बराज है । सोन नदी के तट पर बने इन्द्रपुरी बराज से रणजीत गंज तक लगभग 15 कि0मी0 के तटबंध का कटाव तीब्र गति से हो रहा है जिससे लगभग 20 से 25 गांव प्रभावित हैं । भारत के मध्य भाग में बहने वाली उप नदियों में सबसे बड़ी सोन नदी है जिसे सोनभद्र शिला के नाम से भी जाना जाता है, इसके तीब्र कटाव से उपर्युक्त गांवो को बचाना अति आवश्यक है ।

अतः मेरा अनुरोध है कि उपरोक्त सोन नदी के कटाव से गांवो को बचाने के लिए कटाव निरोधक कार्य हेतु जल शक्ति मंत्रालय को सरकार के माध्यम से निर्देश देने की कृपा की जाए ।